## एक नजर में

### ग्रामीण जिला कार्यशाला आयोजित

**मनावर** ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला कार्यशाला ग्रामीण जिला कार्यालय आयोजित की अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ हुआ जिला कार्यशाला में जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव मार्गदर्शन करते कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास आत्मनिर्भरता गरीब कल्याण किसान हितेषी योजनाओं तथा सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले आगामी कार्यक्रम केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नही , पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क करें, जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करे और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाए।5 जून से 21 जून तक पार्टी द्वारा विभिन्न जनसंपर्क, जनजागरण और संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और जनहितकारी नीतियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। जिला कार्यशाला में फ्एक पे? माँ के नामफ् अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रबुद्धजन संगोष्ठी, मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, जनकल्याण अभियान, मीडिया संवाद तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों सहित विभिन्न आयोजनों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही इन कार्यक्रमों को मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रभावी एवं व्यापक रूप से संचालित करने की रणनीति तैयार बात की.. उक्त जानकारी भाजपा धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर व सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला ने संयुक्त जानकारी तो बताया कि जिला कार्यशाला में मंचासीन अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार , पूर्व सांसद छतर सिह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा , वरिष्ठ पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन भायल , विनोद शर्मा , अ ज जा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन आर्य , अ ज लालसिंह बर्मन मंचासीन रहे.. जिला कार्यशाला में सभी जिला कार्यकारिणी सदस्य आगामी कार्यक्रम टोली सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, एवं मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य अपेक्षित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने तथा केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा आभार भाजपा जिला मंत्री लोकेश मुकाती ने किया..

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दसई में बार-बार आग, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**सरदारपुर** ।समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा आखिरकार जिम्मेदार क्यों नहीं दे रहे ध्यान*या जिम्मेदार कोई बड़े हादसे के इंतजार में है क्या दसई सहित आसपास के क्षेत्र के करीब 30 गांव के लोग दसाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है जहां स्वास्थ्य सुविधा को लेकर डॉक्टर अपनी सुविधा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं दिन हो चाहे रात। यहां अस्पताल की वायरिंग सालों पुरानी हो चुकी है जिससे लेकर यहां आए दिन शॉर्ट सर्किट होने के कारण अस्पताल की लाइट कई बार रात-रात भर बंद रहती है जिससे अस्पताल में भर्ती डिलीवरी पेशेंट को काफी परेशानी आती है कई बार तो ऐसा भी हुआ डिलीवरी पेशेंट आया और लाइट शॉर्ट सर्किट होने से लाइट बंद हो जाती है जिससे पूरे हॉस्पिटल की लाइट रात भर बंद रही जिससे डॉक्टर को मोबाइल की लाइट है वह टॉर्च से काम करना पड़ता है

ग्रामीणों का आरोप -हमारे क्षेत्र में पहले ही एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसके ऊपर कई लोग निर्भर रहते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा यहां लाइट जैसी सुविधा पर ध्यान नहीं देना एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है क्या जिम्मेदार अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र मरीजों की चिंता नहीं है क्या अभी कुछ दिन पूर्व ही में मेरी बालिका की डिलीवरी के लिए गया था तो वहां लाइट बंद थी जिसको देखकर मुझे मेरी बालिका को लेकर जिला अस्पताल जाना पड़ा अगर लाइट यहां चालू होती तो मेरी बालिका की डिलीवरी यहां पर हो जाती जिम्मेदारों का कहना-जब इस मामले को लेकर दसाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रदीप मालवीय से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि मैं अस्पताल की वायरिंग को लेकर अधिकारी को अवगत करवा दिया है लेकिन अधिकारी का कहना है कि अभी विभाग में कोई बजट नहीं है अभी आप आपके ओपीडी के बजट से लाइट को सही करवा लीजिए लेकिन मेरे पास भी अभी इतना बजट नहीं है कि मैं पूरे अस्पताल की वायरिंग सही करवा सकता हूं जो वायरिंग हमसे सही हो रही है वह करवा भी रहे हैं लेकिन फिर भी आए दिन शॉर्ट सर्किट हो रहे हैं शॉर्ट सर्किट को लेकर भी हमने अधिकारी को अवगत करवा दिया है।

डॉ प्रदीप मालवीय मेडिकल ऑफिसर दसाई जी हां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दसाई में शॉर्ट सर्किट की सूचना मुझे भी प्राप्त हुई है इसको लेकर हम जल्द ही इलेक्ट्रीशियन को भेज कर नई वायरिंग डाल दी जाएगी।

**डॉ सचिन द्विवेदी प्रभारी बीएमओ सरदारपुर**

जब इस मामले को लेकर सीएमएचओ से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि मैं अधिकारी को बोल कर दिखावती हूं

**अनीता सिंगर सीएमएचओ धार**

### मरहुम हाजी नबीबक्ष मंसूरी की याद में फातेहाखानी व लंगर आयोजित



**नागदा ( धार )**।मुस्लिम समाजजन नागदा द्वारा जामा मस्जिद में समाज के मरहुम हाजी नबीबक्ष मंसुरी के ईसाले सवाब के लिए फातेहाखानी कर उनके हक में दुआ कर लंगर का एहतराम किया गया। वहीं समाज की बैठक आयोजित कर कमेटी के दो वर्ष पूर्ण होने पर कमेटी द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश कर नई कमेटी के गठन की बात रखी गई। जिसमें बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने सर्वसम्मति से कार्यरत कमेटी को पुन: दो वर्ष के लिए कार्य करने की सहमति प्रदान की। जिसमें पुन: हमीद खान मंसुरी को मुस्लिम समाज कमेटी का सदर बनाया गया। वहीं सरपरस्त हाजी अल्लानुर मंसुरी, याकुब मंसुरी, अब्दुल खालिक कुरैशी, गफुर मंसुरी ठेकेदार व नायब सदर शहादत मंसुरी, लियाकत मंसुरी, खजांची शहजाद मंसुरी, सेकेट्री कोहिनुर मंसुरी व बर्तन इंचार्ज असलम मंसुरी बनाए गए। इस अवसर पर कमेटी का समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने इस्तकबाल किया।

### जीतू पटवारी के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग करने पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**बदनावर**। नगर कांग्रेस द्वारा आज मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग करने पर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार सुरेश नागर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में महामहिम राज्यपाल से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के सार्वजनिक रूप से फ्दो कौडी काफ् एवं फ्रद्दीफ् जैसे अमर्यादित और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। प्रदेश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों में से एक पर आसीन मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का उपयोग लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीतिक मर्यादाओं तथा सार्वजनिक जीवन की गरिमा के विपरित है। जीतू पटवारी प्रदेश की जनता, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर निरंतर आवाज उठाते रहे हैं। विपक्ष का दायित्व सरकार से जनहित के मुद्दों पर प्रश्न पूछना और जनता की समस्याओं को सामने रखना है।





# लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**लकी ड्रा से स्कूटी वितरित की गई**

**सरदारपुर/दसई**। स्थानीय लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही संस्था द्वारा घोषित विशेष पुरस्कार योजना के अंतर्गत लकी ड्रा के माध्यम से एक स्कूटी का वितरण भी किया गया।

संस्था के संचालक पंकज जैन ने बताया कि विद्यालय द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए लकी ड्रा योजना की घोषणा की गई थी। इसी के तहत रविवार को,लकी ड्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दसई चौकी प्रभारी दिनेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि दैनिक भास्कर के पत्रकार प्रवीण जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लकी ड्रा में निकली पर्ची के अनुसार पियूष पिता मुकेश पाटीदार, निवासी दसई को स्कूटी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी संस्था द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार नयन लववंशी, नरेंद्र पवार, मनीष चौधरी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना तथा उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना था। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं विद्यार्थी हमेशा अपने लक्ष्य पर ध्यान दें मेहनत कर बुलंदियों को छुए.

# आदिवासी विकास परिषद की बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन पर मंथन




**कुक्षी**। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक इन्दौर में सम्पन्न हुई। यह बैठक परिषद के कद्दावर आदिवासी नेता नारायण सिंह भिड़े की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व परिषद के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धार जिले के धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर और परिषद के प्रदेश सचिव बी. एस. मारकम ने शिरकत की।जानकारी देते हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आदिवासी नेता नारायण सिंह भिड़े ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिनों में अहमदाबाद में होने वाले आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के साथ आदिवासी समाज की आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।बैठक के दौरान श्री भिड़े ने राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते के सामने समाज की धार्मिक स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धर्म को लेकर समाज में असामंजस्य की स्थिति बनी हुई है, इसलिए परिषद को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आदिवासियों का धर्म क्या है।इस गंभीर विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए फग्गन सिंह कुलस्ते ने आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से चर्चा की जाएगी। साथ ही, देश के अलग-अलग राज्यों के आदिवासी प्रमुखों से संवाद कर समाज के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।बैठक में जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त जॉइंट डायरेक्टर इंजीनियर मुनिया जी, बी. एस. सोलंकी, जगदीश चौहान,कुलदीप मंडलोई, सालम सिंह सोलंकी सिसोदिया, भील संघ संभाग अध्यक्ष सिंगार, सुश्री पूनम सोलंकी, एडवोकेट बापू सिंह डोडवे, मंशाराम डोडवे और बी. एस. मंडलोई सहित समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में वार्षिक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

**नागदा ( धार )**।चार धाम एक मुकाम श्री ईच्छापूर्ण हनुमान मंदिर अटल मार्केट के वार्षिक प्रतिष्ठा महोत्सव पर सोमवार को मंदिर परिसर पर पं. पवन दुबे के आचार्यत्व में भगवान बालाजी, मनोकामनेश्वर महादेव, अम्बे माताजी, भेरूजी महाराज का अभिषेक व पूजा-अर्चना कर यजमान दिलीप भाटिया, पं. अशोक, कान्हा राठौड़, पिन्टु चैहान, रमेश भाटिया, सोहनलाल राठौड़, सोनीजी द्वारा सहपत्नि लाभ लिया।

# मांडू में पर्यटन को पंख लगाने की कवायद



**▶ होटल व्यापारियों ने सीएम मोहन यादव से की मुलाकात, नर्मदा लाइन और सुरक्षा की रखी मांग**

**धार**।ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू में सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन को ब?ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय होटल व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर के नेतृत्व और होटल व्यवसायी योगेश अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने मांडू की समस्याओं से सीएम को अवगत कराया।

सुविधाएं बढ़ेगी तो बढ़ेगा पर्यटन-अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मांडू विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यवसाय के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी चिंता का विषय है। व्यापारियों ने प्रमुखता से मांडू में पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाया और नर्मदा जल प्रदाय योजना को जल्द शुरू करने की मांग की, ताकि होटल और पर्यटकों को निर्बाध पानी मिल सके। इसके साथ ही, होटल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए अन्य बुनियादी ढांचे विकसित करने का आग्रह किया।

**▶ सीएम ने दिया सकारात्मक आश्वासन**

व्यापारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि मांडू में सुविधाओं का विस्तार होता है, तो निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, जिसका लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मांडू के विकास और यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देने की बात कही। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह बुंदेला, मिलन बो?ाने सहित अन्य होटल व्यवसायी उपस्थित रहे।





# 36वें ग्रीष्मकालीन शिविर में खिलाड़ियों ने अतिथियों का किया स्वागत

**धार** , धार डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कल्चर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित 36वें ग्रीष्मकालीन शिविर में आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नारायण कुबेर जोशी (समाजसेवी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षक सम्मान समारोह) रहे। वहीं माननीय भीष्म जी दुबे (जिला समन्वयक, भारत विकास परिषद) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन प्रदीप जोशी (कीका भाई) द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को खेल, शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कोच कौशल शर्मा, रमेश चंद्र कश्यप, राजेश राठौर, राम सोलंकी, विजय सोलंकी एवं कुलदीप राजपूत ने खिलाड़ियों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों लक्ष्य जोशी एवं श्रृष्टि सोनी ने अतिथियों का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों ने शिविर में चल रही खेल गतिविधियों, क्रिकेट,फुटबॉल ,कराटे किक बॉक्सिंग प्रशिक्षण, योग एवं शारीरिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी खेल एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

**एक नजर में** ▶ कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद, सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की समीक्षा बैठक संपन्न

# एआईसीसी सचिव उषा नायडू ने सरदारपुर में संगठन की नब्ज टटोली

**सरदारपुर । सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के सरदारपुर, दसई, अमझेरा ब्लाक के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त संगठनात्मक समीक्षा बैठक राजगढ के शिव वाटिका में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(ढ्ढष्टष्ट) की सचिव एवं मध्यप्रदेश सह प्रभारी उषा नायडू ने मंडलम एवं पंचायत समिति संगठन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर की तैयारियों तथा जनसंपर्क अभियानों की जानकारी प्राप्त की।**

साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों से अलग-अलग संवाद कर संगठन की स्थिति का फीडबैक लिया।



सह प्रभारी उषा नायडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। सह प्रभारी ऊषा नायडू ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही आगामी राजनीतिक सफलता का आधार बनेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री स्वतंत्र जोशी ने संगठन में अनुशासन, समन्वय और सक्रियता पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को लेकर जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने तथा कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया।

बैठक में विधानसभा प्रभारी आशीष जी भूरिया, संगठन महामंत्री परितोष सिंह राठौर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, सरदारपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल। पडियार, अमझेरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भेरूसिंह ब?गोता, दसई ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र पाटीदार, राजगढ नगर परिषद अध्यक्ष सवेरा महेश जायसवाल, सरदारपुर नगर परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, उपाध्यक्ष शैलेंद्र चोहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवनसिंह सिसोदिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भवरसिंह बारोंड, ब्रजेश ग्रेवाल, जिला कांग्रेस पदाधिकारी पुष्पेंद्र बना, बद्रीलाल पाटीदार, विरसन भगत, शंकरदास बैरागी, छगन पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, राजेंद्र लोहार, सहित मंडलम अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्षगण, सरपंच एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।